संख्या–cm-540
16/10/2023

# मुख्यमंत्री ने सवेरा कैंसर अस्पताल में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी का किया विधिवत शुभारंभ

**पटना, 16 अक्टूबर 2023** :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कंकड़बाग स्थित सवेरा कैंसर अस्पताल में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी (विकिरण विभाग) का फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने वहां स्थापित आधुनिक उपकरण रेडिएशन मशीन का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कैंसर की रोकथाम के लिये जागरूकता को लेकर बैलून भी उड़ाया।

सवेरा कैंसर अस्पताल में रेडिएशन की सुविधा उपलब्ध होने से कैंसर रोग संबंधित किसी प्रकार के इलाज के लिये मरीजों को एक ही साथ जरूरी सभी विकल्प उपलब्ध होंगे, जिससे मरीजों को सहूलियत होगी।

मुख्यमंत्री को सवेरा कैंसर अस्पताल के चेयरमैन पद्मश्री डॉ0 आर0एन0 सिंह ने अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, विधायक डॉ0 संजीव कुमार, सवेरा कैंसर अस्पताल के चेयरमैन पद्मश्री डॉ0 आर0एन0 सिंह, सवेरा कैंसर अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ0 बी0पी0 सिंह सहित अन्य वरीय चिकित्सकगण उपस्थित थे।

******